दिन– मंगलवार दिनांक– 07/01/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज सिवान में सात सौ करोड़ रुपए की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

02. पटना, सुपौल, अररिया, शिवहर, सीवान और मुजफ्फरपुर समेत प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज सुबह भूंकप के झटके महसूस किये गये।

03. प्रदेश में भीषण ठंड और कोहरे का प्रकोप जारी। मौसम विभाग ने कहा– अगले तीन दिन तक तापमान में और होगी गिरावट।

04. और, विजय मर्चेंट ट्रॉफी अंडर–सिक्सटीन पुरुष प्लेट ग्रुप में बिहार ने त्रिपुरा पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की।

————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रगति यात्रा के दूसरे चरण के तहत आज सिवान में सात सौ करोड़ रुपए की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। और ब्योरा हमारे संवाददाता से–––

–––रिपोर्ट––––

————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश की प्रगति यात्रा का तीसरा चरण सोलह से उनतीस जनवरी तक चलेगा। इस दौरान वे खगड़िया, बेगूसराय, सुपौल, किशनगंज, अररिया, सहरसा, पूर्णिया, कटिहार और मधेपुरा समेत नौ जिलों में विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग ने इस संबंध में संबंधित प्रमंडलों के आयुक्त और जिलों के जिलाधिकारियों को पत्र लिखकर निर्देश जारी किये हैं।

————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि सभी पंचायतों में दीदी की लाइब्रेरी की स्थापना की जाएगी। उन्होंने वैशाली जिले में विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास के दौरान नगवां गांव में दीदी की लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। इस दौरान

जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री से सभी पंचायतों में पुस्तकालय खोलने की मांग की। इसी मांग के आलोक में मुख्यमंत्री श्री कुमार ने हर पंचायत में पुस्तकालय खोलने का निर्देश दिया।

———————————————————————

राजद के वरिष्ठ नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव पंद्रह जनवरी से कार्यकर्ता दर्शन सह–संवाद कार्यक्रम के सातवें चरण की शुरूआत करेंगे। बाईस जनवरी तक चलने वाले इस यात्रा कार्यक्रम में वे गया, औरंगाबाद, रोहतास और भोजपुर जिलों में कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे। इस बीच, श्री यादव आज कैमूर जिले में संवाद यात्रा के तहत कार्यकर्ताओं और लोगों से मुलाकात करेंगे।

———————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज सुबह भूंकप के हल्के से तेज झटके महसूस किये गये। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के वैज्ञानिक दीपांकर सिंह ने बताया कि भूंकप की तीव्रता सात दशमलव एक थी।

———बाइट———

हमारे संवाददाता ने बताया है कि मुजफफपुर में सुबह भूंकप के झटके महसूस होते ही लोग घरों से बाहर निकल गये। वहीं सुपौल, सीवान, अररिया, शिवहर समेत अन्य जिलों में भी कुछ सेंकड तक भूकंप के झटके महसूस किये गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार भूकंप से अभी तक किसी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

———————————————————————

बीपीएससी अभ्यर्थियों के लिए पुनर्परीक्षा की मांग को लेकर पटना के गांधी मैदान में बिना इजाजत धरना देने के मामले में गिरफ्तार जन सुराज पार्टी के संयोजक प्रशांत किशोर को अदालत ने बिना शर्त रिहा कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पटना की अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी आरती उपाध्याय ने पहले उन्हें सशर्त जमानत दी थी। लेकिन प्रशांत किशोर ने सशर्त जमानत लेने से मना कर दिया था। इसके बाद देर शाम अदालत ने उन्हें बिना शर्त जमानत दे दी। बाद में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि उनका अनशन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि अनशन के लिए नये स्थान की घोषणा आज की जाएगी।

———————————————————————————

गोपालगंज के गंडक नदी में बिहार का पहला घड़ियाल अभ्यारण्य बनाया जाएगा। अभ्यारण्य बनने के बाद नदी में इन घड़ियालों की निगरानी और संरक्षण किया जाएगा। आईसीयूएन के संकटग्रस्त जीव में घड़ियाल लाल सूची में शामिल हैं। वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, देहरादून की टीम अभ्यारण्य की कार्ययोजना के लिए फरवरी महीने में जिले का दौरा करेगी। गोपालगंज के वन पदाधिकारी मेघना यादव ने बताया कि अभ्यारण्य बनने से घड़ियाल का संरक्षण, संवर्द्धन के साथ जिले की अलग पहचान बनेगी। इससे पर्यटन गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। जानकारी के अनुसार गंडक नदी में लगभग बारह सौ से पंद्रह सौ घड़ियाल मौजूद हैं।

———————————————————————————

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नई दिल्ली में यूजीसी विनियम दो हजार पच्चीस का मसौदा जारी किया। यह मसौदा उच्च शिक्षा में सुधार, समावेशिता और शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देगा। यह मसौदा विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में शिक्षकों तथा शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति और पदोन्नति के लिए न्यूनतम योग्यता तथा उच्च शिक्षा में मानकों के रखरखाव के उपायों से संबंधित है। मसौदे के अनुसार उम्मीदवार यूजीसी नेट या पीएचडी विषयों से संबंधित शैक्षणिक पदों के लिए आवेदन कर सकेंगे। भले ही उन्होंने स्नातक किसी अन्य विषय में किया हो। इस अवसर पर श्री प्रधान ने कहा कि ये मसौदा उच्च शिक्षा के हर पहलू में सुधार, नवाचार, समावेशिता, लचीलापन और गतिशीलता लाएंगे। उन्होंने कहा कि मसौदा विनियम पर लोगों के सुझाव और परामर्श आमंत्रित किए गए हैं।

———————————————————————————

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभी राज्यों से खाद्य तेल उत्पादन में आत्मनिर्भरता के लिए राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन के तहत प्रयासों को तेज करने का आग्रह किया है। यह मिशन आयात पर निर्भरता कम करने और किसानों की आय बढ़ाने के भारत के दृष्टिकोण की आधारशिला है। इसका लक्ष्य वर्ष दो हजार पच्चीस—छब्बीस तक छह दशमलव पांच लाख हेक्टेयर क्षेत्र को पाम ऑयल के बागानों के अंतर्गत लाना है।

———————————————————————————

बर्फीली पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में भीषण ठंड का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग ने आज पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सीतामढ़ी, समस्तीपुर, वैशाली, गया, पटना, दरभंगा, किशनंगज समेत अधिकतर जिलों में अगले तीन घंटो के दौरान बहुत घना कोहरा छाये रहने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। इसके बाद अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है।

———बाईट———

इस बीच, आज सुबह राजधानी पटना और आस–पास के इलाकों में हल्की बुंदाबांदी से मौसम और सर्द हो गया है। अत्यधिक ठंड और दृश्यता कम होने से लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि पटना समेत कई स्थानों पर कल दिन के समय धूप निकलने से लोगों को ठंड से आंशिक राहत मिली है। साथ ही अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान सात दशमलव सात डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ छपरा राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। इधर घने कोहरे के चलते सड़क, रेल और हवाई यातायात भी प्रभावित हुआ है। लंबी दूरी की कई रेलगाड़ियां अपने निर्धारित समय से विलंब से चल रही हैं। पटना और दरभंगा हवाई अड्डे पर विमानों की आवाजाही भी प्रभावित हुई है।

————————————————————————————

ठंड के मौसम में उच्च रक्तचाप, मधुमेह और हृदय रोगियों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संदीप बंसल ने कहा कि ठंड में रोगियों को समय पर दवा लेनी चाहिए और तरल पदार्थ का भरपूर मात्रा में सेवन करना चाहिए।

———बाईट———

————————————————————————————

विजय मर्चेंट ट्रॉफी अंडर– सिक्सटीन पुरुष प्लेट ग्रुप में बिहार ने त्रिपुरा पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। भुवनेश्वर में खेले गए के फाइनल मुकाबले में बिहार ने त्रिपुरा को एक सौ तैंतीस रन से हरा कर खिताब पर कब्जा जमाया है। पहली पारी में बिहार में सतानवे दशमलव दो ओवर में दो सौ नवासी रनों का स्कोर बनाया। इस दौरान सार्थक झा ने शानदार नब्बे रन और मोहित कुमार ने नाबाद तिरेसठ रन बनाए।

प्रतियोगिता में बिहार के कप्तान प्रीतम राज को मैन ऑफ द सीरीज के पुरस्कार से नवाजा गया।

———————————————————————

हॉकी इंडिया ने हॉकी एसोसिएशन आफ बिहार को मान्यता दे दी है। इस संबंध में हॉकी इंडिया ने पत्र जारी किया है। इसके अनुसार राणा प्रताप सिंह को हॉकी एसोसिएशन आफ बिहार का सचिव नियुक्त किया गया है। मंत्री श्रवण कुमार को एसोसिएशन का अध्यक्ष और राकेश कुमार को कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

———————————————————————

सिखों के दसवें गुरु और खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का तीन सौ अंठावनवां प्रकाश पर्व पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मध्य रात्रि में तख्तश्री हरमंदिर साहिब में दशमेश गुरू के जन्मोत्सव पर आकर्षक आतिशबाजी की गयी। प्रकाशोत्सव में देश–विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान शबद–कीर्तन और गुरूवाणी से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा। इधर, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हरमंदिर साहिब में मत्था टेका और प्रदेशवासियों के लिए सुख–शांति और समृद्धि की कामना की।

———————————————————————

नई दिल्ली में छब्बीस जनवरी को आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में बिहार के तीन कलाकार विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगी। इनमें दो पद्मश्री और एक नेशनल अवार्डी शामिल हैं। कार्यालय विकास आयुक्त, हस्तशिल्प मधुबनी के सहायक निदेशक बी. के. झा ने बताया कि जिले के पेपरमेशी कला में दक्ष पद्श्री सुभद्रा देवी, मिथिला पेंटिंग की कलाकार शांति देवी और महनमा देवी समारोह में शामिल होंगी। वहीं, बेतिया की जानह्वी कुमारी भी गणतंत्र दिवस की परेड में हिस्सा लेंगी।

———————————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रगति यात्रा की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने इस खबर का शीर्षक लगया है – वैशाली जिले में बनेगा बड़ा औद्योगिक पार्क।

**दैनिक जागरण** की सुर्खी है – पर्यटन वीजा पर विदेश गए तीन सौ चौहत्तर बिहारी समयावधि पूरी होने के वाबजूद नहीं लौटे।

**दैनिक भास्कर** लिखता है – प्रशांत किशोर गिरफ्तार, सशर्त जमानत से इंकार, कोर्ट ने शर्त हटाई तब माने।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज सिवान में सात सौ करोड़ रुपए की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

02. पटना, सुपौल, अररिया, शिवहर, सीवान और मुजफ्फरपुर समेत प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज सुबह भूंकप के झटके महसूस किये गये।

03. प्रदेश में भीषण ठंड और कोहरे का प्रकोप जारी। मौसम विभाग ने कहा– अगले तीन दिन तक तापमान में और होगी गिरावट।

04. और, विजय मर्चेंट ट्रॉफी अंडर–सिक्सटीन पुरुष प्लेट ग्रुप में बिहार ने त्रिपुरा पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।